बरेली, गुरुवार
16 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

सेक्रेड हार्ट्स ने मुकुंद इंटरनेशनल को 4 विकेट से हराया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (15 April): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीइटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात की बुधवार को शुरुआत हुई. उद्घाटन मैच में ग्रुप ए में सेक्रेड हार्ट्स ने मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल पर चार विकेट से जीत दर्ज की. अभिनव मैन आफ द मैच बने. दूसरा मैच ग्रुप डी की मिशन एकेडमी स्कूल बहेड़ी और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुआ. मिशन एकेडमी ने जीआरएम को नौ विकेट से पराजित किया. हिमांशु गंगवार को मैन आफ द मैच चुना गया.एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में मुकुंद इंटरनेशनल के कप्तान फैजान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाजों के आगे मुकुंद की टीम निर्धारित 20 ओवर में 111 रन बना सकी. टीम को सबसे ज्यादा 30 रन अतिरिक्त के रूप में मिले. इसके बाद कप्तान फैजान (27 रन, 35 गेंद, चार चौके), प्रेम (17 रन, 18 गेंद, तीन चौके) और अबू बकर (16 रन, 12 गेंद, दो चौके) ही दहाई के अंक तक पहुंच सके. सेक्रेड की ओर से अभिनव ने तीन, हार्दिक जैन और गौरव ने दो-दो विकेट हासिल किए.